LATEST

# NEWS

## Election

## Date : 11th Feb. 2026

## Office of Chief Electoral Officer Rajasthan

https:/election.rajasthan.gov.in/

Follow us on:

CEORAJASTHAN

हेल्पलाइन 1950

FIRST INDIA

11 February 2026

SR OF ELECTORAL ROLLS IN ASSAM

# Over 2.4 lakh more names dropped as Assam releases final voter list after SR

First India Bureau
Guwahati/New Delhi

The Election Commission of India (ECI) on Tuesday published the final voter list for the Special Revision (SR) 2026 covering all 126 Assembly constituencies in Assam, with the total electorate standing at 2,49,58,139. According to the Chief Electoral Officer (CEO), Assam, the final voter list reflects a decrease of 2,43,485 voters from the draft list, which had recorded 2,52,01,624 voters.

**Special Revision is considered a middle ground between the Special Intensive Revision (SIR) and Special Summary Revision (SSR)**

As per the gender-wise breakup in the final list of the Election Commission of India, Assam has 1,24,82,213 male voters, 1,24,75,583 female voters, and 343 voters in the third gender category. The integrated draft voter list for SR 2026 was published on December 27, 2025. Prior to this, a house-to-house verification drive was conducted across the state between November 22 and December 20, 2025. The period for filing claims and objections remained open from December 27, 2025, to Jan 22, 2026.

## WB ELECTORAL ROLL TO BE OUT ON FEBRUARY 28

The Election Commission of India (ECI) on Tuesday announced that the final electoral roll for West Bengal under the ongoing Special Intensive Revision (SIR) exercise will be published on 28 February. The revised schedule was notified after a meeting between CEO Manoj Kumar Agarwal and senior officials of the commission at Nirvachan Sadan in New Delhi.

पंजाब केसरी
WED,11 FEBRUARY 2026
EDITION: JAIPUR, PAGE NO. 13

# असम : अंतिम मतदाता...

है कि दावों और आपत्तियों के निपटारे की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है, जिसमें कुल 2.49 करोड़ मतदाताओं के नाम शामिल हैं। यह संख्या मसौदा मतदाता सूची में शामिल नामों से 0.97 फीसदी कम है। इसमें कहा गया है कि अंतिम मतदाता सूची में मसौदा सूची में शामिल 2.43 लाख से अधिक नाम हटा दिए गए हैं। बयान के मुताबिक, पिछले साल 27 दिसंबर को प्रकाशित मसौदा सूची में 2.52 करोड़ मतदाताओं के नाम थे।

पंजाब केसरी
WED,11 FEBRUARY 2026
EDITION: JAIPUR, PAGE NO. 1

# असमः अंतिम मतदाता सूची में मसौदा सूची में शामिल 2.43 लाख नाम हटाए



गुवाहाटी, 10 फरवरी (एजेंसी): असम में अंतिम मतदाता सूची मंगलवार को प्रकाशित कर दी गई, जिसमें मसौदा सूची में शामिल 2.43 लाख से अधिक नाम हटा दिए गए हैं। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि अंतिम मतदाता सूची में लगभग 12.5 करोड़ पुरुष, 12.4 करोड़ महिला और 343 तृतीय लिंग मतदाताओं के नाम शामिल हैं। असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया **(शेष पृष्ठ 13 कालम 6 पर)**

## सीएम के क्षेत्र में 2% नाम कटे

असम में विशेष पुनरीक्षण के बाद प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के जलुकबाड़ी निर्वाचन क्षेत्र से कुल 2 .05 प्रतिशत नाम हटा दिए गए हैं। कामरूप महानगर जिला अधिकारियों द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, जलुकबाड़ी में 2,06,314 मतदाताओं के नाम पाए गए, जो पिछले साल 27 दिसम्बर को प्रकाशित मसौदा सूची में 2,10,624 नामों की तुलना में 4,310 कम हैं। अंतिम मतदाता सूची में 97,653 पुरुषों के मुकाबले 1,08,654 महिलाएं हैं। सात तृतीय लिंग के मतदाता भी हैं। इससे पता चलता है कि मसौदा सूची से 2,754 पुरुषों, 1,555 महिलाओं और एक तृतीय लिंग मतदाता के नाम हटा दिए गए।

दैनिक भास्कर

जयपुर 11-02-2026

एसआर • अंतिम मतदाता सूची जारी, कुल वोटर 2.52 करोड़ से 2.49 करोड़ रह गए

# असम में 2.43 लाख वोटर्स कटे; सीएम हिमंता ने कहा था, 4 से 5 लाख 'मियां' मतदाता हटेंगे

भास्कर न्यूज | गुवाहाटी

चुनाव-प्रक्रिया से गुजर रहे असम में मंगलवार को अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि ड्राफ्ट मतदाता सूची से 2.43 लाख से अधिक नाम हटाए गए हैं। दावे और आपत्तियों की प्रक्रिया पूरी होने के बाद, कुल 2.49 करोड़ मतदाताओं के साथ अंतिम सूची प्रकाशित की गई है, जो ड्राफ्ट सूची की तुलना में 0.97% कमी दर्शाती है। यह जानकारी असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से दी गई।

बता दें कि 27 जनवरी 2026 को सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा था- 'असम में एसआर के दौरान 4-5 लाख 'मियां' वोटरों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए जाएंगे। मेरा काम मिया लोगों को परेशान करना है और बीजेपी मियाओं के खिलाफ है।' इस बयान पर सख्त एक्शन की मांग करते हुए कई विपक्षी दलों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इन याचिकाओं को सुनवाई की मंजूरी दे दी।

**12 राज्यों व केंद्रशासित क्षेत्रों में एसआईआर के बाद करीब 7 करोड़ वोटर्स के नाम हटे...**

| राज्य/UT | वोटर्स हटे | पूर्व SIR वोटर | कटौती% |
|---|---|---|---|
| उत्तर प्रदेश | 2.88 करोड़ | 15.44 करोड़ | 18.7% |
| तमिलनाडु | 97.4 लाख | 6.41 करोड़ | 15.2% |
| गुजरात | 73.7 लाख | 5.08 करोड़ | 14.5% |
| प. बंगाल | 58.2 लाख | 7.66 करोड़ | 7.6% |
| राजस्थान | 41.85 लाख | 5.46 करोड़ | 7.7% |
| मध्य प्रदेश | 42.7 लाख | 5.74 करोड़ | 7.4% |
| छत्तीसगढ़ | 27.3 लाख | 2.12 करोड़ | 12.9% |
| केरल | 24.1 लाख | 2.78 करोड़ | 8.6% |
| गोवा | 1.00 लाख | 11.85 लाख | 8.4% |
| पुडुचेरी | 1.03 लाख | 10.21 लाख | 10.1% |
| अंडमान | 64 हजार | 3.10 लाख | 20.6% |
| लक्षद्वीप | 1,429 | 57,813 | 2.5% |
| कुल | 7.18 करोड़ | 50.93 करोड़ | 14% |

दैनिक भास्कर जयपुर 11-02-2026

# एसआईआर का फाइनल रोल 14 फरवरी को जारी

जयपुर| प्रदेश में एसआईआर का फाइनल रोल 14 फरवरी को जारी होगा। इसमें बताया जाएगा कि अब कितने वोटर अस्तित्व में रहेंगे और कितने वोटरों को अमान्य माना जाएगा।

उधर, पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूचियों का प्रकाशन भी 25 फरवरी को होगा। मतदाताओं से जुड़ी इन दोनो सूचियों में कितना फर्क रहेगा और किनको वोट देने का हक मिलेगा और किनको नहीं मिलेगा। इसका खुलासा भी इस महीने में हो जाएगा। प्रदेश में चले एसआईआर कार्यक्रम में 41.85 लाख नाम कटे थे। इसके बाद मतदाता सूची में नाम काटने और कटवाने को लेकर 1.06 लाख आपत्तियां लगी है। वहीं नया नाम जुड़वाने के लिए 10.25 लाख दावे भी चुनाव आयोग के समक्ष प्रदेश से प्राप्त हुए है। उधर कितने लोग दस्तावेज प्रस्तुत कर सकें और कितने नहीं, इसका खुलासा भी 14 फरवरी को राजस्थान चुनाव आयोग करेगा। प्रदेश में भी नाम कटवाने को लेकर अलवर, झुंझुनूं समेत कई जिलों में विवाद सामने आएं थे। जिसके बाद चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया था कि नाम काटने से संबंधित कमेटी इस पर फैसला करेगी।